महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

जनसंपर्क कार्यालय

PUBLIC RELATIONS OFFICE

वर्धा समाज कार्य संस्थान द्वारा भारत रत्न नानाजी देशमुख की पुण्यतिथि पर परिचर्चा

नानाजी देशमुख त्याग की संस्कृति के वाहक थे : प्रो. अखिलेश दुबे

वर्धा, 29 फरवरी 2024 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के दत्तोपंत ठेंगड़ी सभागार में भारत रत्न नानाजी देशमुख की पुण्यतिथि के अवसर पर वर्धा समाज कार्य संस्थान की ओर से आयोजित परिचर्चा की अध्यक्षता करते हुए साहित्य विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. अखिलेश कुमार दुबे कहा कि हमारी संस्कृति भोग की नहीं त्याग की है जिसके वाहक नानाजी देशमुख रहे हैं। उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन वंचितों एवं उपेक्षितों के लिए समर्पित कर दिया।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. बालाजी चिरडे ने कहा कि नानाजी देशमुख महात्मा गांधी के विचारों से प्रभावित थे। प्रयागराज केंद्र के सहायक प्रोफेसर डॉ. मिथिलेश कुमार ने कहा कि समाज से सीखते हुए समाज को देना, नानाजी देशमुख का व्यवहार था। वर्धा समाज कार्य संस्थान के एसोशिएट प्रोफेसर डॉ. के. बालराजु ने कहा कि नानाजी देशमुख ने 'हर खेत में पानी हर हाथ को काम' का नारा दिया तथा वंचितों एवं उपेक्षितों के लिए समर्पित होकर कार्य किया। जगद्गुरु रामभद्राचार्य विश्वविद्यालय के डॉ. पवन त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में कहा कि नानाजी देशमुख ने गांवों की कुशलता पर जोर दिया व ग्रामीण नागरिकों को आत्मनिर्भर बनाया।

स्वागत वक्तव्य में वर्धा समाज कार्य संस्थान के निदेशक प्रो. बंशीधर पाण्डेय ने कहा कि एक ही सिद्धान्त पर काम करना कितना कठिन है। नानाजी देशमुख ने ग्रामीण जीवन को शिक्षा, स्वास्थ्य, सदाचार तथा स्वावलंबन के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन न्योछावर कर दिया।

प्रारंभ में नानाजी देशमुख के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम का संचालन ज्योति कुमारी ने किया तथा सहायक प्रोफेसर डॉ. गजानन निलामे आभार माना। इस अवसर पर प्रो. जर्नादन कुमार तिवारी, डॉ. जयंत उपाध्याय, डॉ. शिवाजी जोगदंड, डॉ. विजय कुमार सिंह, डॉ. विशाल यादव, डॉ. दिव्या शुक्ला सहित वर्धा समाज कार्य संस्थान के शोधार्थी, विद्यार्थी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत

ई-मेल/E-mail: mgahvpro@gmail.com, वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org

दूरभाष: +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305